RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 01 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 15 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# CM एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिले अमित शाह

# बनी यह रणनीति...

मुंबईः रविवार को पीएम मोदी के 'मन की बात' के 100 वें एपिसोड को मुंबई में सुनने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ बंद कमरे में चर्चा की। मुंबई दौरे पर आए अमित शाह द्वारा सीएम और डीसीएम से लगभग पौने घंटे तक बंद कमरे में बातचीत करना चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मुलाकात बीजेपी विधायक पराग अलवनी के आवास पर हुई। इस दौरान बीजेपी नेता आशीष शेलार भी उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि राज्य की राजनीति में चल रही उठापटक और एक दिन पहले ही राज्य में एपीएमसी के चुनाव परिणाम के बीच यह चर्चा काफी अहम मानी जा रही है। पता चला है कि बीजेपी के चाणक्य कहे जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम शिंदे और डीसीएम देवेंद्र फडणवीस से राज्य में कृषि उत्पन्न बाजार समितियों के चुनाव में आघाडी को मिली बढ़त पर भी चर्चा की है। तहसील स्तर पर किसानों से जुड़ी मंडी समितियों के इन चुनाव परिणामों का असर आगामी चुनाव पर देखते हुए अमित शाह ने सीएम डीसीएम को अगाह किया है। इसके अलावा मुंबई सहित राज्य भर के अन्य नगर निगम चुनाव को लेकर एक बार फिर अमित शाह ने आघाड़ी के खिलाफ रणनीति बनाने को लेकर चर्चा की है।

**गृह मंत्री ने मुंबई में सुना PM मोदी के मन की बात**

इसके पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' ने रविवार को 100 एपिसोड पूरे किए। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत अन्य पार्टी नेताओं के साथ मुंबई में 'मन की बात' के 100 वें एपिसोड को सुना। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव का आंदोलन और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का मंच है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए जो संदेश देते हैं वह देश के हर गली-नुक्कड़ तक पहुंच कर, जनता और सरकार के बीच दूरियां कम करने के लिहाज से सेतु का काम करता है।

# नाना पटोले का प्रधानमंत्री पर कटाक्ष

## कहा- महंगाई, बेरोजगारी पर कब करेंगे मन की बात

**मुंबई :** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने रविवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कब 'मन की बात करेंगे। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम की 100वीं कड़ी प्रसारित हुई। पटोले ने कहा कि प्रधानमंत्री को कारोबारी (गौतम) अडाणी के साथ अपने संबंधों को स्पष्ट करना चाहिए।कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, अन्य चीजों के बारे में बात करने के बजाय, मोदीजी को अडाणी के साथ अपने संबंधों के बारे में लोगों को बताना चाहिए।

पटोले ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात की 100वीं कड़ी का जोर शोर से जश्न मनाया गया। इन 100 कड़ी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भी देश के ज्वलंत




मुद्दों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, ढहती अर्थव्यवस्था, चीन द्वारा अतिक्रमण, भाजपा सांसद द्वारा महिला पहलवानों का यौन शोषण, कर्नाटक में '40% भ्रष्ट सरकार और किसान का जिक्र नहीं किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के मुद्दों पर बोलकर 'जनता की बात करनी चाहिए न कि 'मन की बात। उन्होंने कहा कि देश के लोग महंगाई का सामना कर रहे हैं और अर्थव्यवस्था सबसे निचले स्तर पर है।

# सीबीएसई के 5 नए स्कूल शुरू करेगी बीएमसी

**मुंबई:** सीबीएसई, आईसीएसई और कैंब्रिज माध्यमों के स्कूलों में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बीएमसी इनकी संख्या बढ़ाने का फैसला किया है। यह स्कूल उपनगर और शहर में होंगे। शिक्षा विभाग के जॉइंट कमिश्नर अजित कुंभार ने कहा कि इसके लिए काम शुरू है। बता दें कि बीएमसी ने वर्ष 2021-22 के शिक्षा सत्र में सीबीएसई माध्यम के 10 स्कूल शुरू किए थे। अब इन स्कूलों में विद्यार्थियों के एडमिशन के लिए वोटिंग लिस्ट है। बीएमसी ने आईसीएसई का 1 और कैंब्रिज का 1 स्कूल भी शुरू किया है। बीएमसी नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन अपने विद्यार्थियों को सभी सामग्री उपलब्ध कराएगी। बीएमसी अपने स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को 27 प्रकार के सामान की किट मुफ्त में उपलब्ध कराती है। पिछले वर्ष अक्टूबर 2022 तक विद्यार्थियों को सामान नहीं मिल पाया था, जिससे बीएमसी की काफी किरकिरी हुई थी। उससे सबक लेते हुए बीएमसी ने ठेकेदारों को बुलाकर हर हाल में स्कूल के पहले दिन ड्रेस, शूज, बैग सहित सभी सामान उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

**छात्रों को मिलते हैं 27 तरह के सामान**

बीएमसी वर्ष 2007 से अपने स्कूलों में पढ़नेवाले विद्यार्थियों को



27 प्रकार की वस्तु स्कूल खुलने के पहले दिन उपलब्ध कराती है। इसमें स्कूली किताबों के साथ-साथ छात्रों को स्कूल बैग, छाते, रेनकोट, वॉटर बॉटल, पेंसिल, बुक और यूनिफॉर्म सहित अन्य सामग्री शामिल होती है। यह सामान जून में स्कूल के खुलने के पहले दिन विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने का नियम है। लेकिन अक्सर समय पर सामान विद्यार्थियों को नहीं मिल पाता है। बीएमसी के जॉइंट कमिश्नर अजित कुंभार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि किसी कीमत पर सामान मिलने में देरी न हो। 15 से 30 जून के बीच सभी सामग्री विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दी जाएगी।

**पिछले साल छाता की जगह देना पड़ा पैसा**

पिछले साल 8 वीं से लेकर 10 वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को छाता की जगह सीधे पैसे दिए गए थे। छाता खरीदने के लिए प्रिंसिपल के जरिए प्रत्येक विद्यार्थी को 270 रुपये नकद दिए थे। छाता और रेनकोट दो साल में एक बार और अन्य सभी सामग्री साल में एक बार दी जाती है। इसीलिए पहले दिन विद्यार्थियों को छाता और रेनकोट के अलावा स्कूल ड्रेस सहित अन्य सामग्री का एक सेट प्रदान किया जाएगा।

**जानें मुंबई में कहां खुलेंगे और कैसे मिलेगा एडमिशन...**

बीएमसी ने वर्ष 2023-24 के शिक्षा सत्र के लिए विद्यार्थियों को दिए जाने वाली सामग्री को खरीदने के लिए अतिरिक्त 52 करोड़ रुपये दिए हैं। बीएमसी मुंबई में मराठी, हिंदी, इंग्लिश, गुजराती, तमिल, तेलगू, कन्नड़ और उर्दू सहित कुल 8 माध्यमों के स्कूलों का सञ्चालन करती है।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## नासूर बनते नक्सली


छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एक बार फिर हुए नक्सली हमले के निष्कर्ष साफ हैं कि सरकारों के दावों के बावजूद नक्सलियों की ताकत पूरी तरह कम नहीं हुई है। यह भी कि बार-बार बड़ी संख्या में जवानों को खोने के बावजूद हमने अतीत की घटनाओं से कोई सबक नहीं सीखे हैं। संचार क्रांति के दौर में मुकाबले के लिये उपलब्ध संसाधनों व हथियारों के बावजूद हम यदि उनके हमलों का आकलन नहीं कर पा रहे हैं तो यह हमारे खुफिया तंत्र की विफलता का भी परिचायक है। दरअसल, सफल ऑपरेशन करके लौट रहे रिजर्व बल के जवानों का बारूदी सुरंग की चपेट में आना बताता है कि यह नक्सलियों की हताशा से उपजा हमला ही है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में देश के कई इलाकों में सुरक्षाबलों के साझे अभियानों में नक्सलियों को बड़ी क्षति हुई है। कई बड़े नक्सली नेताओं के खात्मे और गिरफ्तारी के बाद उनकी गतिविधियों का इलाका सिमटा जरूर है, लेकिन खत्म नहीं हो पाया है। निस्संदेह, पुलिस प्रशासन के सामने यह एक बड़ी चुनौती है, जिसका मुकाबला करने के लिये बहुआयामी रणनीति बनाने की जरूरत है। पुलिस व कानून अपना काम करेंगे, लेकिन कोशिश हो कि नक्सलियों का जनाधार कम किया जाये। विकास के मॉडल की विसंगतियों के चलते जिन इलाकों में विकास की रोशनी नहीं पहुंच पायी है, वहां सामाजिक न्याय के अनुकूल वातावरण बने। लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। जिससे स्थानीय लोग नक्सलियों के प्रवाह व दबाव से मुक्त हो सकें। लोगों को समझाना होगा कि लोकतंत्र में गनतंत्र की कोई जगह नहीं है। ऐसा माहौल बनाया जाये कि हमारे समाज के भटके लोगों से संवाद की कोशिश को तार्किकता दी जा सके। अन्यथा यह हिंसा व प्रतिहिंसा का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। जाहिर है समस्या के समाधान के लिये राजनेताओं में भी दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। तभी दशकों पुराने इस नासूर का रिसना बंद हो सकेगा।

बहरहाल, दंतेवाड़ा में हुए इस हालिया हमले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मंथन किये जाने की जरूरत है। यह भी कि नक्सल प्रभावित इलाकों में किसी ऑपरेशन को चलाये जाने से पहले अभियान के तमाम सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाये। जिससे अपने जवानों की क्षति को रोका जा सके। साथ ही खुफिया तंत्र को मुस्तैद बनाने और स्थानीय पुलिस बल के साथ बेहतर तालमेल करने की भी जरूरत है। तभी जवान ऐसे अभियानों में ऊंचे मनोबल के साथ लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। जाहिर है यह केंद्र व राज्य सरकारों के साथ बेहतर तालमेल से ही संभव होगा। यदि राजनीतिक कारणों से राज्यों की सरकारें अपेक्षित सहयोग नहीं करती हैं तो उनके लिये भी कानून-व्यवस्था का संकट देर-सवेर पैदा होगा ही। निस्संदेह, ये नक्सली न केवल राज्यों की कानून-व्यवस्था को ताक पर रख रहे हैं बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी खतरा बन रहे हैं। रिजर्व फोर्स के दस जवानों की मौत इस बात की जरूरत भी बताती है कि उन्हें केंद्रीय सुरक्षा बलों की रणनीति व आधुनिक हथियार तथा उपकरणों के जरिये सुरक्षा कवच प्रदान किया जाना चाहिए। यह जरूरत तब अपरिहार्य हो जाती है जब नक्सली आधुनिक हथियारों व तकनीक का इस्तेमाल कर सुरक्षा बलों के जीवन पर भारी पड़ रहे हैं। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर नक्सलियों की निगरानी की भी कोशिश होनी चाहिए। निस्संदेह, भौगोलिक रूप से जटिल इलाके नक्सलियों की गतिविधियों के लिये स्वर्ग बने हुए हैं, लेकिन ड्रोन व अत्याधुनिक सूचना तंत्र के जरिये सटीक निगरानी के लिये तंत्र बनाये जाने की भी सख्त जरूरत है। यूं तो हर हादसा कुछ जख्म देने के साथ कुछ सबक भी दे जाता है। ऐसे में सुरक्षा व निगरानी में हुई चूक की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को टाला जा सके। यह भी सुनिश्चित किये जाने की जरूरत है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा मानकों के पालन में किसी तरह की कोताही भविष्य में न हो।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# कस्टम अधिकारियों ने 99 लाख रुपये की कोकीन जब्त की

## चप्पलों में रखी गई थी छिपाकर, दो गिरफ्तार...



**मुंबई** : मुंबई में सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक नाइजीरियाई नागरिक और एक सप्लायर को गिरफ्तार किया। दोनों की गिरफ्तारी छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनकी चप्पलों की खेप में छुपा कर रखे गए 99 ग्राम कोकीन पाए जाने के बाद हुई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि मुंबई कस्टम जोन क्क्ककी विशेष खुफिया और जांच शाखा ने शुक्रवार को लाइबेरिया से भेजी गई उनकी खेप को हवाई अड्डे पर जब्त करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने कहा कि पार्सल को ठाणे जिले के बदलापुर इलाके में एक पते पर पहुंचाया जाना था। जिसे अधिकारियों ने रोका और तीन जोड़ी चप्पलों में छिपाकर रखे गए 99 लाख रुपये का कोकीन बरामद किया। अधिकारी ने कहा कि तीन दिनों तक चले अभियान के बाद एक रासायनिक सप्लायर और एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि पार्सल पकड़े जाने के बाद सीमा शुल्क के एक अधिकारी ने एक आरोपी से संपर्क किया, जिसे एक कूरियर कंपनी के कर्मचारी के रूप में पेश होकर इसे प्राप्त करना था। अधिकारी ने कहा कि आरोपी को बदलापुर में पार्सल लेने के लिए कहा गया, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया और उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर नाइजीरियाई व्यक्ति को नवी मुंबई से पकड़ा गया।

उन्होंने कहा कि दोनों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और दोनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चेन्नई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने जब्त किए 22 सांप...

28 अप्रैल को कुआलालंपुर से फ्लाइट नंबर एक-13 से पहुंची एक महिला यात्री को चेन्नई एयरपोर्ट कस्टम्स ने रोक लिया। उसके चेक-इन बैगेज की जांच करने पर विभिन्न प्रजातियों के 22 सांप और एक गिरगिट पाया गया जिसे सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 आर/डब्ल्यू वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत जब्त कर लिया गया।

# महाराष्ट्र में बारिश का कहर

## मुंबई समेत 3 जिलों को अलर्ट, मराठवाड़ा में भी होगी झमाझम



**मुंबई** : महाराष्ट्र से मिल रही बड़ी खबर के अनुसार, आज मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी को मानें तो राज्य में अगले 3-4 घंटों के दौरान मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्य स्तर की बारिश होने की अपार संभावना है. गौरतलब है कि, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में अप्रैल के दौरान हुई बारिश और ओलावृष्टि संबंधी घटनाओं में करीब 25 लोगों की मौत हुई है। जानकारी दें कि, मराठवाड़ा के अंतर्गत राज्य के आठ जिले आते हैं।

वहीं इस बेमौसम बारिश से 30,305.30 हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई है और इनमें से 20,329.65 हेक्टेयर या करीब 67% जमीन में लगी फसल बर्बाद हो गई है। इसके मुताबिक, आगामी अप्रैल में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि में 25 लोगों की मौत हुई और 29 अन्य घायल हुए हैं। इसके साथ ही 23 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं जबकि 123 घरों को फिलहाल आंशिक नुकसान हुआ है। जानकारी दें कि, भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मराठवाड़ा और विदर्भ जिलों में बेमौसम बारिश की संभावना है। मराठवाड़ा के अहमदनगर जिले के साथ छत्रपति संभाजी नगर, लातूर, जालना, बीड को ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। वहीं, पुणे, सतारा, सांगली, कोल्हापुर, सोलापुर, धाराशिव, नांदेड़, लातूर, नासिक, जलगांव, धुले, नंदुरबार शहरों को येलो अलर्ट दिया गया है। इसके साथ ही IMD द्वारा विदर्भ के नागपुर, भंडारा, यवतमाल, चंद्रपुर और गढ़चिरौली जिलों में 30 अप्रैल को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, आगामी 1 मई को विदर्भ, मराठवाड़ा जिलों के लिए भी 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। कोंकण के अलावा, अन्य जिलों में बेमौसम बारिश की संभावना है और 2 मई को विदर्भ और मराठवाड़ा जिलों को फिलहाल येलो अलर्ट दिया गया है।

# बांद्रा, खार में धीमी गति से होगी पानी की सप्लाई

## माहिम खाड़ी के पास पुल के विस्तार के लिए हटाई जाएगी इनलेट लाइन



**मुंबई** : माहिम खाड़ी ब्रिज के विस्तार का काम किया जा रहा है। ब्रिज के निर्माण में बाधा बन रहें 900 मीटर लंबी बांद्रा से रिक्लमेंशन तक इनलेट लाइन को बदलने काम किया जाएगा। इस कारण बांद्रा और खार पूर्व और पश्चिम इलाके में धीमी गति से पानी सप्लाई होगी।

**मनपा जल विभाग ने जानकारी दी है कि 4 मई सुबह 10 बजे से 5 मई**

सुबह 4 बजे तक इनलेट बदलने का काम किया जाएगा। इस दौरान बांद्रा पूर्व और पश्चिम तथा खार पूर्व और पश्चिम में धिमी गति से पानी की सप्लाई होगी। मनपा अधिकारियो ने कहा धिमी गति से पानी की सप्लाई होने से नागरिकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है. मनपा प्रशासन ने मुंबई की जनता से अपील की है कि पानी को बचाकर उपयोग करे। बांद्रा से माहिम तक माहिम खाड़ी के उपर बन रहे ब्रिज का विस्तार किया जा रहा है. ब्रिज निर्माण के कारण पानी की लाइन हटाने की जरूरत महसूस हो रही है. इनलेट लाइन को बदलने का काम 4 मई को किया जाएगा. इसलिए लोगों को 24 घंटे के दौरान कम दबाव से पानी आपूर्ति की जाएगी.

# आदित्य ने उट की कुर्सी पाने के लिए उद्धव ठाकरे की बीमारी का लिया सहारा...

# बीजेपी विधायक का दावा !

**मुंबईः** आज आदित्य ठाकरे पर एक बेहद संगीन इल्जाम लगाया गया है यह आरोप है, पिता की बीमारी का फायदा उठा कर मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल करने की साजिश रचने का. यह आरोप है बाप के संकट के वक्त बेटे की साजिश रचने का. यह आरोप है कि जब तत्कालीन मुख्यमंत्री का उनकी गंभीर बीमारी की वजह से राज्य के काम से ध्यान हट गया था तब उनके ही घर के अंदर उनकी कुर्सी हथियाने के प्लान पर काम चल रहा था. यह आरोप बीजेपी विधायक नितेश राणे ने लगाया है. यानी बीजेपी विधायक नितेश राणे के मुताबिक महाविकास आघाड़ी सरकार में मंत्री आदित्य ठाकरे अपने पिता उद्धव ठाकरे की बीमारी के वक्त उन्हें कुर्सी से बेदखल कर सीएम की कुर्सी हथियाने का प्लान बना रहे थे. नितेश राणे ने यह आरोप आज अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाया.



नितेश राणे ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कहा कि जब उद्धव ठाकरे की गरदन और पीठ की सर्जरी शुरू थी और वे अस्पताल में भर्ती थे, तब आदित्य ठाकरे और उसके दोस्त वरुण सरदेसाई की पूरी टोली दावोस के बिजनेस ट्रिप के नाम पर विदेश में मजे मार रहे थे. उद्धव ठाकरे की तबीयत ठीक नहीं होने वाली है, यह कहते हुए आदित्य ठाकरे खुद मुख्यमंत्री बनने की साजिश रच रहे थे. एनसीपी और कांग्रेस के विरोध की वजह से वे आगे बढ़ते-बढ़ते रह गए. नितेश राणे का दावा है कि जसलोक अस्पताल के किस कमरे में यह मीटिंग हुई, इसका उनके पास सीसीटीवी फुटेज है.

नितेश राणे ने अपनी आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ठाकरे गुट के सांसद और सामना अखबार के कार्यकारी संपादक संजय राउत को भी सलाह दे डाली कि वे दूसरों पर टीका-टिप्पणी करने की बजाए इस पर संपादकीय लिखना शुरू करें कि आदित्य ठाकरे की शादी कब होगी? किससे शादी होगी? कौन करेगा म्याऊं-म्याऊं (आदित्य ठाकरे की आवाज की मिमिक्री करते हुए) से शादी? बता दें कि संजय राउत रोजाना बीजेपी और एकनाथ शिंदे गुट पर हमले करते हैं. संजय राउत के हर रोज के हमले का जवाब देने के लिए बीजेपी ने नितेश राणे में उनकी काट ढूंढ निकाली है. कल से हर रोज नितेश राणे ने संजय राउत के हमलों का जवाब देना शुरू कर दिया है. आज नितेश राणे ने इसी रणनीति के तहत अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कन्सपिरेसी थियरी सामने रखी.

# लव जिहाद पर भाजपा और राकांपा के ट्विटर वॉर

## राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड के वॉर पर चित्रा वाघ का पलटवार

**मुंबई।** राज्य में लव जिहाद को लेकर भाजपा और राकांपा के बीच छिड़ी जुबानी जंग से राज्य की राजनीतीक को गर्म कर दिया है.पूर्व मंत्री और राकांपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र आव्हाड ने शुक्रवार को एक ट्वीट किया जिसमे उन्होंने लिखा की हिन्दू जनजागरण के कार्यक्रम आयोजित और लव जिहाद विरोधी कानून की मांग करने वाले भाजपा विधायक निरंजन डावखरे ने खुद एक मुस्लिम लड़की से शादी की है.आव्हाड के इस ट्वीट पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष चित्रा वाघ ने पलटवार किया है.उन्होंने ट्वीट कर कहा कि डावखरे की निजी जिंदगी में झाँकने वाले से पता चलता है कि आव्हाड का दिमागी हालत ठीक नहीं है.उन्होंने कहा कि लव जिहाद पर भाजपा विधायक पर आरोप लगाने वाले का हिसाब होगा।



### लव जिहाद के खिलाफ डावखरे का बैनर वॉर

बतादें कि भाजपा विधायक निरंजन डावखरे ने देश भर में लव जिहाद धर्मांतरण और भूमि जिहाद के खिलाफ कानून को लागू करने के लिए हिंदू जन जागरण धर्मसभा का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम के पोस्टर पूरे ठाणे शहर में लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का भी अनुरोध किया गया है। साथ ही उनके द्वारा लगाए गए पोस्टर में लव जिहाद के विरोध में कानून बनाने की मांग की गई है डावखरे के इस बैनर वॉर पर राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड ने टीका किया है.

# इंटरकास्ट मैरेज से नाराज पिता ने किया हमला...

## पत्नी और बेटी हुई जख्मी

**मुंबई :** अपनी जात से दूसरे जात (इंटरकास्ट) विवाह से नाराज एक पिता ने अपनी पत्नी और बेटी पर हमला कर दिया। हमले में दोनों मां बेटी घायल है और कोकिलाबेन अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों अब खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। घटना अंधेरी पश्चिम के वसोर्वा इलाके की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बेटी के शादी के निमंत्रण पत्रिका पर नाम न होने और दूसरे समाज में शादी करने से पिता नाराज थे। बेटी और पत्नी के घर आते ही उन्होंने हथौड़ा और चाकू से दोनों पर हमला कर दिया। मामले में वसोर्वा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पिता को गिरफ्तार कर लिया है। बेटी की रविवार को शादी भी थी। मामला गुरुवार का है बुधवार को बेटी की सगाई थी और रविवार को विवाह होना तय हुआ था। लेकिन बेटी अपने समाज से बाहर शादी कर रही है यह उन्हें पसंद नहीं था। इसीको लेकर उनके घर पीकर झगड़ा भी हो रहा था। प्रभाकर शेट्टी (79) पिता ने अपनी पत्नी पर हथौड़ा से हमला कर दिया और गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। इसके अलावा बेटी पर चाकू से हमला किया। जिसके बाद दोनों को कोकिला बेन अस्पताल में ले जाया गया। दोनों खतरे से बाहर हैं।




बुधवार को बेटी की सगाई थी, जिसमें सिर्फ मां ही गई तजि। व्हां से आने के बाद गुरुवार को दोपहर के वक्त खाना खाने के बाद पत्नी आराम कर रही थी। तभी शेट्टी अचानक घर में पहुंचे उनके हाथ में हथौड़ा और चाकू था। इसपर पत्नी की आंख खुल गई और फिर वह चिल्लाने लगी। चिल्लाते ही बेटी ने आवाज सुनी और मां को बचाने वह भी भागी। तबतक पिता ने चाकू से हथौड़े से मां पर हमला कर दिया था। बचने के लिए वह बेडरूम में गई और अगल बगल वालो से मदद का गुहार लगाई। पत्नी और बेटी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने पिता प्रभाकर शेट्टी को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत में पेशी के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी स्विट्जरलैंड में रहनेवाले उनके बेटे को दे दी है।

# जनवरी से अब तक दस बार फूटी पाइप लाइन

जनवरी से अब तक दस बार फूटी पाइप लाइन

**मुंबई :** पिछले कुछ दिनों से मुंबई में पानी रिसाव की घटनाएं बार-बारहो रही हैं। जिसके चलते मुंबई लोगो को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। मुंबई में मार्च और अप्रैल 2023 में पानी लीकेज की 2921 शिकायतें आईं। ज्यादातर शिकायतें अंधेरी और जोगेश्वरी इलाकों से हैं। पाइप लाइन फूटने के कारण पिछले तीन महीनों में मुंबई के लोगो को कम से कम दस बार पानी की कटौती का सामना करना पड़ा है। पाइप लाइन फूटने और दूषित पानी की सप्लाई आने की शिकायत होने पर मनपा के जल विभाग द्वारा उसकी मरम्मत का काम किया जाता है। कई बार पानी के रिसाव होने वाले स्थानों को खोजने में मनपा अधिकारियों के पसीने छूट जाते है। खासकर दूषित पानी की सप्लाई होने की शिकायत का निपटारा करना मनपा जल विभाग के सामने टेढ़ी खीर साबित होता है। मनपा जल विभाग में पाइप लाइन की मरम्मत करने के लिए एक 'तत्काल मरम्मत' विभाग भी है जो कि 24 वार्डों में 30 दिन के 24 घंटे सप्ताह के सातों दिन लगातार काम करता है। पानी रिसाव की मनपा में आने वाली शिकायतों पर नजर डाले तो पिछले दो माह में लीकेज की 2921 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 1526 शिकायतों का समाधान जल विभाग द्वारा किया गया। पानी लीकेज की शिकायत अंधेरी पूर्व और जोगेश्वरी पूर्व इलाको में सबसे अधिक 294 शिकायतें दर्ज की गईं, इसके बाद अंधेरी पश्चिम और जोगेश्वरी पश्चिम इलाके में 252 शिकायतें, और कुर्ला क्षेत्र में 208 शिकायतें पाई गईं। पिछले दो माह में पाइप लाइन फूटने शिकायत पर नजर डाले तो रोजाना लगभग 50 से 70 शिकायत लीकेज की शिकायत आती ही है। इसी से माना जाना चाहिए की मुंबई में पानी के लीकेज से लोगो को किस कदर जूझना पड़ता है। मनपा प्रशासन पानी की पाइप लाइन मरम्मत पर हर साल करोडो रुपए खर्च करती है लेकिन पानी के लीकेज होने की घटना में कोई कमी नहीं आ रही है।






# महाराष्ट्र में बेमौसम बरसात ने ली 10 लोगों की जान!

## महाराष्ट्र में अगले 5 दिनों तक ऑरेंज और येलो अलर्ट

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में बेमौसम बरसात और ओले गिरने की घटनाओं ने कहर ढा दिया है. मराठवाड़ा रीजन में 10 लोगों की मौत हो गई है. साढ़े ग्यारह सौ से बारह सौ के करीब मुर्गे-मुर्गियों की मौत हो गई है. बड़े पैमाने पर फसलें और फलों के बागान तबाह हो गए हैं. अगले पांच दिनों के लिए भारतीय मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए राज्य के अलग-अलग जिलों में बेमौसम बरसात होने का 'ऑरेंज अलर्ट' और 'येलो अलर्ट' जारी किया है. आज (29 अप्रैल, शनिवार) पुणे जिला और विदर्भ के जिलों में मूसलाधार बरसात का अनुमान है.मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों में बरसात, ओलावृष्टि, बिजलियां गिरने से करीब 150 से 160 गांवों में तबाही मची हुई है. बिजलियां गिरने से दस लोगों की मौत हुई है, जिनमें नांदेड़ के छह, परभणी के 3 और बीड के 1 व्यक्ति शामिल हैं. आठ हजार हेक्टेयर तक की जमीन में फसल और फलों के बाग बर्बाद हो गए हैं. डेढ़ सौ के करीब जानवर, साढ़े ग्यारह सौ से बारह सौ के करीब मुर्गे-मुर्गियों की मौत हुई है. 50 से 60 घरों को नुकसान पहुंचा है.



**मराठवाड़ा के 8 जिलों में 10 सर्कल में तबाही का तांडव**

इस तरह मराठवाड़ा के आठ जिलों के दस सर्कल में मूसलाधार बरसात ने तबाही का तांडव मचा दिया है. इनमें लातूर जिले के 5, धाराशिव के 2, बीड के 2, जालना के 1 सर्कल में अतिवृष्टि हुई है. लातूर जिले के देवणी तहसील में 135 मिलिमीटर बारिश हुई है. मराठवाड़ा के अलावा विदर्भ, पश्चिम महाराष्ट्र, उत्तर महाराष्ट्र समेत कोंकण रीजन में भी बेमौसम बरसात से भारी तबाही हुई है.

**अगले 5 दिन यहां-यहां बरसात का ऑरेंज और येलो अलर्ट**

भारतीय मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए मराठवाड़ा और विदर्भ के कई जिलों में मूसलाधार बरसात होने का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है. मराठवाड़ा के अहमदनगर जिला समेत छत्रपति संभाजीनगर, लातूर, जालना, बीड के लिए ऑरेंज अलर्ज जारी किया गया है. पुणे, सातारा, सांगली, कोल्हापुर, सोलापुर, धाराशिव, नांदेड़, लातूर, नासिक, जलगांव, धुले, नंदुरबार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है.

# मुंबई/ ग्रीन एनर्जी की ओर मनपा ने उठाया कदम

## मनपा एम वेस्ट वार्ड में सोलार पैनल लगाकर बिजली की होगी बचत...

**मुंबई :** मनपा प्रशासन पर्यावरण को बचाने के लिए ग्रीन एनर्जी की ओर कदम बढ़ाया है। मनपा ने एम वेस्ट वार्ड आफिस में सोलार पैनल लगाकर बिजली उत्पाद की शुरूआत की है। मनपा के इस कदम से अकेले एम वेस्ट वार्ड से हर माह 5 हजार यूनिट बिजली की बचत होगी। मनपा को इस योजना से दर माह लगभग 43 हजार रुपए की बचत होगी। उल्लेखनीय है कि बिजली उत्पादन को लेकर कोयले अथवा यूरेनियम से की जाती है। जिससे पर्यावरण को बड़ा नुकसान होता है। केंद्र सरकार ने सभी संस्थानों को निर्देश दिया है कि जितना अधिक मात्रा में हो सके ग्रीन एनर्जी का उपयोग किया जाए। केंद्र सरकार ने कुल बिजली का होने वाले उपयोग में लगभग 5 से 10 प्रतिशत ग्रीन बिजली का उपयोग करना अनिवार्य किया हैं। ऐसा नहीं करने वाली कंपनियों पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जाती है। मनपा एम वेस्ट वार्ड ने इसी के तहत वार्ड आफिस में सोलार पैनल लगाने का काम किया। मनपा सहायक आयुक्त विश्वास मोटे ने जानकारी दी कि एम वेस्ट वार्ड आफिस की छत पर 93 सोलार लगाया गया हैं। वार्ड में लगे सोलार पैनल से दो दिन से बिजली का उत्पादन होने लगा है। एक सोलार पैनल से 540 वाट बिजली का उत्पादन हो रहा है इस तरह प्रति माह लगभग 5 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। मनपा इस बिजली का उपयोग कार्यालय में लगे बिजली के उपकरणों लाइट पंखे और कंप्यूटर आदि के चलाने में उपयोग किया जाएगा।सोलार पैनल से मनपा को हर माह लगभग 43 हजार रुपए की बचत होगी। ग्रीन एनर्जी पैदा होने से बिजली की बचत होगी जिससे पर्यावरण को फायदा मिलेगा। मनपा एम वेस्ट वार्ड ने मनपा कार्यालय में सोलार पैनल लगाने पर कुल 34 लाख 60 हजार रुपया खर्च किया है। मनपा को बिजली बिल के लिए प्रति माह 8 रुपया 20 पैसा प्रति यूनिट की दर से बिल देती है।



# पहले बस टिकट का रेट किया हाफ... अब मुंबई मेट्रो में भी 25 फीसदी किराया माफ



**मुंबई:** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने महिलाओं को पहले ही बहुत बड़ा तोहफा दे दिया है. अब स्टूडेंट्स, सीनियर सिटीजन और दिव्यांग जनों के लिए भी बड़े गिफ्ट का ऐलान किया है. स्टेट ट्रांसपोर्ट की बसों में महिलाओं को टिकट किराया में 50 फीसदी छूट देने के बाद आज महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई मेट्रों के सफर में 25 फीसदी की कटौती का ऐलान किया है. यानी अब छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग जनों को मुंबई मेट्रो में सफर करने के लिए किराए में पच्चीस फीसदी की छूट मिलेगी. इस छूट पर अमल 1 मई से किया जाएगा.

नेशनल कॉमन मोबिलिटि कार्ड (मुंबई वन) का इस्तेमाल करने वाले हजारों यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा. महामुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एमएमआरडीए की ओर से राज्य की जनता को यह तोहफा देने के लिए निर्देश दे दिए गए हैं तो 1 मई से अमल में आ जाएगी. यह सुविधा वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और दिव्यांग जनों को 45 ट्रिप से 60 ट्रिप के लिए मुंबई वन पास पर मिलेगी. एकनाथ शिंदे ने यह ऐलान करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और छात्रों की जरूरतों को ध्यान रखकर ही मुंबई मेट्रो नेटवर्क तैयार किया गया है. इसलिए उन्हें इन सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलना जरूरी है. हमने इससे पहले सीनियर सिटीजन को स्टेट ट्रांसपोर्ट की बसों में फ्री सफर की सुविधा दी है. महिलाओं को बस किराए में पचास फीसदी की छूट दी है. अब सामाजिक भावनाओं का खयाल रखते हुए हम यह फैसला ले रहे हैं. इस सुविधा की वजह से अब मेट्रो में ज्यादा से ज्यादा लोग सफर कर सकेंगे. यह सुविधा 65 साल से ज्यादा उम्र के नागरिक, 12 वीं तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और दिव्यांग लोगों को मिलेगी.

# मुंबई/ एनसीबी ने किया ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़!

## ड्रग्स बेचनेवाले रूस का पूर्व पुलिसकर्मी, कई शहरों में चलता था व्यवसाय



**मुंबई:** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने तीन आरोपियों को को गिरफ्तार किया है। जिसमें से दो आरोपी विदेशी हैं और मुंबई, गोवा समेत के जगहों पर ड्रग्स का कारोबार करते थे। गिरफ्तार किए गए दोनों विदेशियों में से एक पूर्व पुलिसकर्मी है जबकि महिला ओलंपिक विजेता है। वहीं तीसरा आरोपी गोवा में सिंडिकेट संभालता था। अदालत में पेश करने के बाद उसे एनसीबी की हिरासत में भेजा गया है। जिसकी अधिक जांच एनसीबी कर रही है।

मुंबई और महाराष्ट्र को ड्रग्स फ्री करने कब उद्देश्य से मुंबई पुलिस के अलावा एनसीबी भी जुटी हुई है। एनसीबी ने इस पूरे ड्रग्स सिंडिकेट का खुलासा करने के लिए लगभग दो हफ्ते का समय लिया और 13 अप्रैल को रूसी महिला एस वगानीवा को गिरफ्तार किया। जांच आगे चल तब पता चला कि आकाश नाम का व्यक्ति है जो गोवा में इस व्यापार को चलता है। 28 अप्रैल को एनसीबी की टीम ने आकाश को पकड़ा और फिर रूस के पूर्व पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से नशीले पदार्थ के साथ भारतीय और विदेशी मुद्राएं, फर्जी दस्तावेज और आईडी भी बरामद किए गए हैं। ड्रग्स के विभिन्न रूपों के साथ, नकद मिलाकर कुल आय 4 लाख 88 हजार रुपये, 1829 अमेरिकी डॉलर, थाई बहत 1720 भी बरामद किये हैं।


**अरामबोल और गोवा से चलता था रैकेट**

एनसीबी को जानकारी मिली थी जिसके आधार पर अरामबोल और गोवा के आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहे सिंडिकेट को तलाशने के लिए टीमें पहुंची। यहां से आपमे नेटवर्क को सक्रिय करते हुए विश्लेषण किया गया और फिर जांच करते हुए एनसीबी की टीम रूसी महिला एस वगानीवा के पास पहुंची। जहां उंसके पास से ड्रग्स बरामद की गई। आगे जांच में पता चला कि दो और लोगों मिलकर यहां रैकेट चलते हैं।

**ओलंपिक विजेता महिला गिरफ्तार**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक एस वगानीवा नामक महिला 1980 की ओलंपिक में रजत पदक विजेता है। जो गोवा और आस पास के शहरों में वहां पहुंचे विदेशियों को ड्रग्स बेचती थी। पुलिस ने महिला के घर की भी तलाशी ली वहां से भी ड्रग्स बरामद किया गया है। इसके अलावा दूसरा रूसी नागरिक एंड्रयू जिसे गिरफ्तार किया गया है वह रूस में पहले पुलिस में काम करता था। वह भारत आकर ड्रग्स के व्यवसाय में जुट गया और मोटी कमाई करने लगा।

# युद्ध के बीच यूक्रेन ने की भारत के साथ घटिया हरकत, ट्वीट की मां काली की आपत्तिजनक फोटो, भड़के लोग



**रूस :** रूस के साथ जारी जंग के बीच यूक्रेन ने भारत के साथ नापाक हरकत की है. यूक्रेन ने कुछ ऐसा किया है, जिससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है. यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने एक फोटो साझा की है, जिसे देखने के बाद हर भारतीय ने नाराजगी जाहिर की है. यूक्रेन ने हिंदुओं में पूजनीय मां काली की एक आपत्तिजनक फोटो साझा की है. जिस पर यूक्रेन को लेकर हिंदू समुदाय के लोग तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. दरअसल, रक्षा मंत्रालय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से मां काली की एक फोटो शेयर की है, जो बेहद ही अपमानजनक है. इस फोटो को लेकर भारतीय यूजर्स ने नाराजगी जाहिर करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर से एक्शन लेने की मांग की है. यूक्रेन द्वारा शेयर की गई तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. यूजर्स इसे यूक्रेन की घटिया मानसिकता बता रहे हैं.




# अंडे का बेहतर विकल्प और शुगर–कोलेस्ट्रॉल का है दुश्मन बेसन

## बेसन के फायदे

**कील-मुंहासों से छुटकारा- स्टाइलक्रेज वेबसाइट के मुताबिक बेसन के आटे में प्रचुर मात्रा में जिंक पाया जाता है। इसलिए यह कील-मुंहासों, एक्ने पिंपल से छुटकारा दिलाता है। बेसन के आटे का फेस पैक बनाकर इसे आप स्किन पर लगा सकता है। यह स्किन में ग्लो लाता है। बेसन के आटे में गुलाब जल मिलाकर इसका फेस पैक बना लें और इसे चेहरे पर लगा लें। कुछ देर बाद गुनगुने पानी से इसे धो लें।**

कोलेस्ट्रॉल को कम करता है-यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के एक अध्ययन में यह पाया गया था कि बेसन बैड कोलेस्ट्रॉल को बहुत हद तक कम कर देता है। इसमें मौजूद फाइबर के कारण यह कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने नहीं देता। एक ऑस्ट्रेलियन स्टडी में भी पाया गया था कि बेसन के सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ता।

डायबिटीज को कंट्रोल करता- एक अध्ययन में पाया गया कि बेसन के सेवन से डायबिटीज बहुत कंट्रोल रहता है। जिसे डायबिटीज नहीं है, वह अगर बेसन का सेवन करें तो उसमें डायबिटीज होने का खतरा बहुत कम हो जाता है। बेसन ग्लूटेन फ्री आहार है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी बहुत कम होता है। यही कारण है एक्सपर्ट डायबिटीज के मरीजो को बेसन खाने की सलाह देते हैं।

हेल्दी हार्ट-बेसन में कई तरह विटामिन, मिनिरल्स और फाइबर मौजूद रहता है जो हार्ट की हेल्थ के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। एक अध्ययन में पाया गया तीन चम्मच में उतना ही पोटैशियम होता है जितना केले में होता है। पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कम करने वाला माना जाता है।

वजन कम करने में मददगार-2010 की एक स्टडी के मुताबिक बेसन वजन कम करने में भी बहुत मददगार है। स्टडी कुछ प्रतिभागियों पर 12 सप्ताह तक अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि बेसन के सेवन के बाद भूख बहुत कम लगने लगी। इससे लोगों का पेट हमेशा भरा हुआ रहता महसूस होता है।



चने का आटा यानी बेसन बेहद पौष्टिक खाद्य पदार्थ है। यह जितना खाने में स्वादिष्ट होता है उतना ही यह कई बीमारियों में भी उपयोगी है। बेसन में बहुत अधिक मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पाया जाता है। इससे डाइजेशन बहुत स्मूद होता है और डायबिटीज के मरीजों में ब्लड शुगर को बहुत कम कर देता है। बेसन गंदा कोलेस्ट्रॉल के लेवल को भी बहुत कम कर देता है। हार्ट की हेल्थ और वजन कम करने के लिए बेसन की रोटियां बेहद कारगर हथियार साबित हो सकता है। बेसन के आटे से कई पकवान बनाए जाते हैं। बेसन के आटे को सत्तू बनाकर पिया जाता है। इसके अलावा बेसन के आटे से रोटियां बनाई जाती है। बेसन की सब्जी भी बनाई जाती है। बेसन अंडा का बेहतर विकल्प है। बेसन के आटे में लिनोलिक एसिड और ओलिएक एसिड पाया जाता है जो अनसैचुरेटेड फैट होता है। इसके अलावा इसमें राइबोफ्लेविन, नियासिन, फॉलेट और बीटा कैरोटिन भी पाया जाता है जो स्किन की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

# बच्चों के लिए बनाएं क्रीमी पास्ता



**सामग्री :** प्याज - 2, पास्ता - 1 कटोरी, शिमला मिर्च - 1, मकई - 3 बड़े चम्मच, तेल आवश्यकता अनुसार, हरी मिर्च - 1, नमक स्वादअनुसार, काली मिर्च पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच, मेयोनेज़ - 2 बड़े चम्मच, पास्ता सॉस - 3 बड़े चम्मच

## विधि

1. सबसे पहले आप पास्ता को उबाल लें। उबालने के बाद इसे एक बाउल में रख लें।
2. अब प्याज, शिमला मिर्च और हरी मिर्च को काट कर एक बर्तन में रख लें।
3. एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें प्याज, शिमला मिर्च और हरी मिर्च डालकर भूनें।
4. सब्जी में नमक, काली मिर्च पाउडर डाल कर मिला दीजिये.
5. जब सब्जियां थोड़ी पक जाएं तो पास्ता सॉस डालें और मेयोनीज में मिक्स करें.
6. मेयोनेज़ को सब्जियों में डालने के बाद उबला हुआ पास्ता डालें।
7. पास्ता डालने के बाद मिश्रण को 2 मिनट तक पकाएं.
8. तय समय के बाद गैस बंद कर दें। आपका स्वादिष्ट पास्ता तैयार है।
9. चटनी डालकर बच्चों को गरमागरम परोसें।

# बाल भी बताते हैं पर्सनैलिटी, सेहत का हाल

आपके बाल का टेक्स्चर, थिकनेस और दूसरे हेयर प्रॉब्लम्स आपकी सेहत के बारे में भी बहुत कुछ कहते हैं. डमैटीलॉजिस्ट और साइंस ऑफ स्किन की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. श्रुति गोंडी बता रही हैं कि किस तरह से बालों की हेल्थ हो देखकर हेल्थ कंडीशन का पता लगाया जा सकता है.



## बालों का असमय सफेद होना

>> ये विटामिन बी-6, बी-12, विटामिन डी और ई की कमी का संकेत हो सकता है.

>> अत्यधिक स्ट्रेस के कारण भी बाल समय से पहले सफे द होने लगते हैं.

>> जेनेटिक कारण भी प्रीमेच्योर ग्रे हेयर के लिए जिम्मेदार होते हैं.

>> कम उम्र में बाल सफे द होने का मतलब ये भी हो सकता है कि आपकी डायट और लाइफस्टाइल संतुलित नहीं है और केमिकलयुक्त हेयर प्रोडक्ट्स का अधिक इस्तेमाल करते हैं.

क्या करें ?

>> डायट में बदलाव लाएं. विटामिन की कमी से बाल सफे द हो रहे होंगे, तो उस विटामिन का सेवन करने से बाल सफे द होने बंद हो जाएंगे. स्ट्रेस से दूर रहें. नियमित रूप से योग-एक्सरसाइज करें.

अगर बाल गिर रहे हैं तो

>> थायरॉइड की जांच कराएं. हाइपोथायरॉइड की स्थिति में हेयर फॉल की शिकायत हो जाती है और बालों का टेक्स्चर भी बदल जाता है.

>> ये आयरन डेफिशिएंसी या एनीमिया का लक्षण भी हो सकता है.

>> प्रोटीन की कमी से भी बालों के गिरने की समस्या हो सकती है.

>> हार्मोनल बदलाव के कारण भी बाल गिरते हैं.

>> प्रेग्नेंसी के बाद या बर्थ कंट्रोल पिल्स लेने से भी बाल गिरने लगते हैं.

### क्या करें ?

>> अगर हेयर फॉल ज्यादा हो रहा हो, तो बेहतर होगा सबसे पहले डॉक्टर से मिलें. ब्लड टेस्ट कराएं, ताकि थायरॉइड या शरीर में किसी तरह की डेफिशिएंसी का पता लगाकर ट्रीटमेंट किया जा सके.

>> डायट में बदलाव लाएं. प्रोटीन रिच डायट लें.

>> अगर एनीमिया की शिकायत हो, तो आयरन सप्लीमेंट लें.

बालों में डैंड्रफ हो गए हों तो

>> ये हार्मोंस में असंतुलन का संकेत हो सकता है.

>> स्ट्रेस व तनाव के कारण भी डैंड्रफ की प्रॉब्लम हो जाती है.

>> ये अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स का भी लक्षण हो सकता है, इसलिए फौरन डॉक्टर को दिखाएं.

>> जिन महिलाओं के बाल वेवी या कर्ली होते हैं, ऐसी महिलाएं भाग्यशाली होती हैं. इनका पूरा जीवन बहुत ही सुखमय बीतता है.

>> जिन महिलाओं के बाल कम या पतले होते हैं, वे अनुशासन प्रिय और मेहनती होती हैं. प्रेमी, दयालु, संकोची और संवेदनशील भी होती हैं.

>> काले, मुलायम खूबसूरत बालोंवाली महिलाएं लकी होती हैं, जबकि ब्राउन, रेड कलरवाली और रूखे-बेजान, छोटे और बिखरे बालवाली महिलाएं अमूमन दुखी रहती हैं.

>> जिस पुरुष या स्त्री के बाल काले होते हैं, वे शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होते हैं और विश्वसनीय भी होते हैं.

>> अगर किसी को बहुत ज्यादा स्प्लिट एंड्स हों, तो ऐसे व्यक्ति का स्वास्थ्य थोड़ा खराब रहता है. ऐसे लोग हमेशा दुविधा में रहते हैं.

>> लंबे बालोंवाली लड़कियां साफ और सुलझे विचारोंवाली होती हैं.

>> रिसर्च से ये भी पता चला है कि गोल्डन बालोंवाले फ्लर्ट करने में माहिर और खुशमिजाज होते हैं, जबकि ब्लैक-ब्राउन बालोंवाले स्मार्ट-गंभीर होते हैं और रेड टोन बालोंवाले इरादों के पक्के होते हैं.

### दिलचस्प हेयर फैक्ट्स

>> औसतन एक माह में किसी व्यक्ति के बाल 1 सेंमी. की गति से बढ़ते हैं, लेकिन एशियाई लोगों के बाल 1.3 सेंमी. की गति से बढ़ते हैं.

>> जब भ्रूण पांच माह का होता है, तभी उसके सभी हेयर फॉलिकल्स का निर्माण हो जाता है. ये हेयर फॉलिकल्स किसी इंसान की जिंदगी में दोबारा नहीं बनते.

>> शिशु जन्म के समय उसके सिर पर 1 वर्ग सेंमी. में लगभग 1000 रोमकूप होते हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ कम होते जाते हैं. प्रत्येक रोमकूप लगभग 20 बार नए बाल पैदा करता है.

>> एक बाल टूटता है, तो उसकी जगह दूसरा बाल बढ़ने लगता है, इसलिए बाल के टूटने पर ज्यादा चिंता न करें.

>> एक बाल की औसत उम्र पांच साल होती है. 90 प्रतिशत बाल लगातार बढ़ते रहते हैं.

>> आमतौर पर हर इंसान के प्रतिदिन 25 से 100 बाल गिरते हैं. बालों की हेल्थ और व्यक्ति की हेल्थ कंडीशन के अनुरूप ये संख्या कम-ज्यादा हो सकती है.

>> क्रैश डायटिंग से भी हेयर फॉल की शिकायत होती है, लेकिन ये टेम्परेरी होता है.

>> इसके अलावा थायरॉइड, कुछ दवाइयों का सेवन भी बालों के गिरने की वजह बनता है.

>> काले रंग के बालवाले लोगों की अपेक्षा गोल्डन बालोंवाले लोगों के सिर पर अधिक बाल होते हैं.

>> पुरुषों की तुलना में स्त्रियों के बाल पतले होते हैं. स्त्रियों के बालों की औसत मोटाई पुरुषों के बालों की आधी होती है.

>> मौसम भी बालों की ग्रोथ पर असर डालते हैं. गर्म जगहों पर रहनेवाले लोगों के बाल ठंडी जगह पर रहनेवालों की तुलना में तेजी से बढ़ते हैं.

>> बाल 0.3 मिमी. प्रतिदिन की गति से बढ़ते हैं. जैसे-जैसे इंसान की उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे बालों के बढ़ने की गति भी धीमी हो जाती है.

>> इस धारणा में कोई सच्चाई नहीं है कि बाल ट्रिम करते रहने से वो जल्दी बढ़ते हैं.

>> बालों का रंग आपके जीन्स निर्धारित करते हैं और ये मेला-निन की मात्रा पर निर्भर करता है. इसीलिए बालों का रंग ब्राउन, ब्लैक, गोल्डन या लाल रंग नजर आता है. इसी पिगमेंट की कमी के कारण बाल सफे द होने लगते हैं.

>> बाल कभी भी हथेलियों, पैरों के तलवों, होंठों, पलकों पर नहीं उगते. शरीर के बाकी किसी भी हिस्से में बाल उग सकते हैं.

>> दुनियाभर में बालों का सबसे आम रंग काला है. लाल रंग के बाल सबसे दुर्लभ हैं.

>> इंसान के सिर का एक बाल अपने वजन से 1000 गुना से भी अधिक वजन उठा सकता है. बाल की एक लट 100 ग्राम वजन आसानी से उठा सकती है और सिर के सभी बाल मिलकर 2000 किलो से भी अधिक वजन उठा सकते हैं.

# खरीदी केंद्रो पर मानक मापदंडों के अनुरूप खरीदी की जाए: कलेक्टर नीरज कुमार सिंह

**कलेक्टर श्री सिंह ने 3 मई को केसला में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां करने के दिए निर्देश**



संवाददाता - अजय सिंह राजपूत

नर्मदापुरम - सभी एसडीएम अपने स्थानीय अमले के साथ सतत खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करें। केंद्रो पर अमानक खरीदी न हो यह सुनिश्चित करें। उपज का सुरक्षित, भण्डारण एवं परिवहन कराएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने शनिवार को कलेक्टरेट में आयोजित बैठक में दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि गत दिवस हुई बारिश के कारण खरीदी गई उपज को नुकसान हुआ हैं या नहीं इस संबंध में निरीक्षण कर रिपोर्ट दें और आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की समीक्षा कर निर्देश दिए कि योजना के तहत 30 अप्रैल आवेदन की अंतिम तिथि हैं। सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र महिला आवेदन पंजीयन से न छूटे। प्राप्त आवेदनों के दावा आपत्ति के संबंध में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टीम को परीक्षण दिया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 2 मई को जिले के सभी नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों में लाडली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं पौध रोपण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। जिला स्तर पर भी लाडली लक्ष्मी वाटिका में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर पौधरोपण किया जाए। साथ ही राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था किया जाए। कार्यक्रम में लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बेटियों को आमंत्रित करें।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 3 मई को केसला विकासखंड में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए जिला स्तर से अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत सत्यापन एवं स्वामित्व योजना के तहत ग्राउंड ट्रूटिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री एसएस रावत, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहें।

# माध्यान्ह समूह को मिलेगा अब 5 किग्रा का सिलेन्डर

**बैतूल।** माध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूहों को अभी तक 14.2 किग्रा का सिलेन्डर ही उपयोग करते थे। जिसके लिए एक साथ राशि देनी पड़ती थी। अब कलेक्टर द्वारा जिले मे स्वीकृत पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत भैसदेही तहसील मे अपराजिता गैस एजेंसी भैंसदेही द्वारा को माध्यमिक शाला विजयग्राम मे माध्यान्ह भोजन के लिए अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह को 14.2 किग्रा के सिलेंडर के बदले 5 किग्रा के सिलेंडर का वितरण प्रारंभ किया है। जिससे वह कम राशि में सिलेन्डर रिफिल करवा सकेंगी। अब माध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूहों को कम बजट मे 5 किग्रा के सिलिंडर उपलब्ध होते रहेंगे और माध्यान्ह भोजन बनाने वालों के पास विकल्प भी है कि वह कौन सा सिलेन्डर रिफिल करवाना चाहते हैं। गैस सिलेन्डर वितरण के समय ग्राम के सरपंच निलेश साल्वे जेएसओ अधिकारी श्री धरमदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रिंसिपल श्री खान अपराजिता गैस एजेंसी की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव, स्कूल के एमडी प्रभारी श्री वडुक्ले, सीटीसी अध्यक्षा श्रीमती सुनीता माकोडे तथा ग्राम के पंच उपस्थित रहे। सिलेंडर का वितरण सरपंच के द्वारा किया गया।

# घड़ी के दोनों काटो पर अपनी मांग लिखकर आंदोलनरत रहे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी

**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में आठ सैकड़ा संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी विगत 12 दिन से अपनी दो मांगो को लेकर हड़ताल पर है। अपनी क्रमिक भूख हड़ताल के 12 वे उनके संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा घड़ी के दो काटो पर अपनी मांग लिखकर शासन प्रशासन से कहा संविदा स्वास्थ्य कर्मी की मांग कब पूरी हो पूछता है संविदा स्वास्थ्य कर्मी। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि जिस प्रकार घड़ी के दोनों कांटो से ही टाइम का सही पता चलता है वैसे ही संविदा की दो जायज और आवश्यक मांगे है, इनके पूरे होने से ही कर्मचारी पूर्ण होगा। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लॉजिकल रूप से अपनी मांगों की प्रतिपूर्ती के लिए अनोखा तरीका अपनाया।

# .देश के पहले प्रधानमंत्री जो सीधे जनता से करते 'मन की बात' : हेमंत खंडेलवाल



**पत्रकारवार्ता में बोले पूर्व सांसद**

बैतूल । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को लेकर भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में शनिवार को आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री है जो सीधे देश की जनता से ÷मन की बात÷ करते है। पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, पूर्व सांसद सुभाष आहूजा, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री कृष्णा गायकी भी उपस्थित थी।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम ÷मन की बात÷ भारत की राजनीति के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ है। यह कार्यक्रम देश के इतिहास में पहला कार्यक्रम है जो गैर राजनैतिक है। 30 अप्रेल रविवार को इस कार्यक्रम का 100 वॉ संस्करण प्रसारित किया जाएगा। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश में कुल 64100 बूथो पर 25 हजार प्रमुख स्थानो पर उत्सव पर्व माहौल में यह कार्यक्रम आयोजित करेगी वहीं बैतूल जिले में 1567 बूथो पर यह कार्यक्रम होगा इसके साथ ही 493 प्रमुख स्थानो पर यह ÷मन की बात÷ का कार्यक्रम 100 की संख्या से अधिक आम जनमानस के साथ सूना जाएगा। श्री खंडेलवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गो जैसे प्रबुद्वजनो, खिलाडियो, स्वाच्छता कर्मियो, कलाकारो , अग्रणी किसानो सहित रचनात्मक काम करने वालो तथा आम नागरिको के साथ भी जिले में जगह जगह आयोजित किए जाएगे इस कार्यक्रम में प्रमुख स्थानो पर जिले के प्रमुख नेता भी शामिल होगें। श्री खंडेलवाल ने कहा कि ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता के साथ प्रधानमंत्री जी के साथ सीधा जुडाव होता है। इस 100 वें संस्करण में जिले के अलग अलग स्थानो पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। जहां सभी लोग सामुहिक रूप से मोदी जी की ÷मन की बात÷ सुनेगें। पूरे जिले में पार्टी के कार्यकर्ता नए प्रयोगो के साथ ÷मन की बात÷ कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएगें।

# ग्राम झिला में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

सागर ।आयुष विभाग के निर्देशानुसार जिला में जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं उपस्थित में ग्रामीण क्षेत्र ग्राम झिला में शासकीय आयुष औषधालय झिला द्वारा नि :शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से रोगियों का स्वस्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया एवं नि :शुल्क ओषधि वितरित की गई ।शिविर में डॉ. अभिषेक दुबे नोडल अधिकारी, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र लोधी, डॉ. सोनिका राजपूत सहित आयुष कर्मचारियों ने चिकित्सा सेवाएं प्रदान की ।

# आगजनी से घर की गृहस्ती हुई खाक, कलेक्टर नर्मदापुरम श्री सिंह के निर्देश पर एसडीएम इटारसी ने जनसहयोग से पीड़ित परिवार की फिर बसाई गृहस्ती

संवाददाता - शेख़ जावेद

नर्मदापुरम – विगत दिनों केसला ब्लाक के गोमतीपुरा में श्री रवि वर्मा के मकान में अचानक आग लग गई थी ।आग की वजह से घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया ।आग की वजह से गरीब पीड़ित परिवार को दो वक्त की रोटी के भी लाले पड़ गए हैं थे, दो दिन पूर्व केसला आए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह से पीड़ित परिवार द्वारा मदद की गुहार लगाई गई ।कलेक्टर श्री सिंह द्वारा मौके पर मौजूद एसडीएम इटारसी मदन सिंह रघुवंशी को तत्काल जनसहयोग व प्रशासनिक रूप से मदद करने के निर्देश दिए गए ।जिस पर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी द्वारा तत्परता से क्षेत्र के व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों की मदद से पीड़ित परिवार की गृहस्ती फिर से बसाई गई ।प्रशासनिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई ।जिससे अब पीड़ित गरीब परिवार फिर से पहले की तरह अपना जीवन व्यापन कर सकेंगे ।एसडीएम इटारसी श्री रघवंशी ने बताया कि पीड़ित परिवार को शासन की तरफ से 1 लाख 20 हजार रूपए की सहायता स्वीकृत की गई है ।साथ ही जनसहयोग से राशी एकत्रित की गई जिसमें शहर के दानदाताओं द्वारा भी आगे बढ़कर सहयोग किया गया ।जिसमें शहर के श्री अनिल मिहानी द्वारा 11 हजार रुपए नगद, 12 नग चादर, 7 नग कंबल,लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स द्वारा 10 हजार,जसवीर सिंह छावड़ा द्वारा 5100 की किराना सामग्री,7 गद्दे, 7 तकिए गोल्डी जैन द्वारा 5 कुर्सी, अर्जुन मेघानी द्वारा परिवार के पहनने के कपड़े, अर्जुन नवलानी द्वारा महिलाओ को पहनने के लिए साडिया ,कृषि उपज मंडी प्रशासन द्वारा 2 क्विंटल गेहूं, राहुल अग्रवाल द्वारा 50 किलो दाल और 50 किलो चावल,संजीव अग्रवाल द्वारा घर की छत को ढकने के लिए त्रिपाल, एसडीएम इटारसी व प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा 10 हजार नगद रुपए सहयोग किया गया ।

# चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान नीचे गिरा यात्री,50 मीटर तक ट्रेन के नीचे फंसा रहा, महिला पॉइंटमेन ने लाल झंडी दिखाकर रुकवाई ट्रेन, बचाई यात्री की जान

**घोड़ाडोंगरी।** घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर करीब 3.15 बजे चलती जीटी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक यात्री गिर गया। यात्री प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच गिरा एवं करीब 50 मीटर तक ट्रेन के नीचे फंसा रहा। महिला पॉइंटमेन सत्यभामा कमलाशंकर पातरिया की नजर ट्रेन में फंसे यात्री पर पड़ी। जिस पर महिला पॉइंटमेन सत्यभामा कमलाशंकर पातरिया ने तत्काल ही लाल झंडी दिखाकर जीटी एक्सप्रेस ट्रेन को रुकवा। जिससे कि यात्री की जान बच जाती। यदि ट्रेन नहीं रुकती तो यात्री ट्रेन की पहिये की चपेट में आ जाता और उसकी मौत हो जाती है।

ट्रेन के रुकने के बाद जिसके बाद मौके पर घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन का स्टाफ एवं आरपीएफ घोड़ाडोंगरी के एएसआई एके सिंह, प्रधान आरक्षक एनएस सलाम मौके पर पहुंचे यात्री का प्राथमिक उपचार कराया गया। इस दौरान करीब 15 मिनट तक जीटी एक्सप्रेस



घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। जीटी एक्सप्रेस 3¬28 बजे भोपाल की ओर रवाना हुई।

घोड़ाडोंगरी आरपीएफ के प्रधान आरक्षक एनएस सलाम ने बताया कि ट्रेन नंबर 12615 चेन्नई नई दिल्ली जीटी एक्सप्रेस में चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान भोपाल निवासी दानिश बेग उम्र 23 वर्ष ट्रेन से गिर गया और प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंसकर ट्रेन के साथ घिसटते हुए जाने लगा। जिस पर महिला पॉइंटमेन सत्यभामा कमलाशंकर पातरिया की नजर यात्री पर पड़ी तो उन्होंने लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रुकवाया।

जिसके बाद यात्री को ट्रेन के नीचे से निकाला गया। घायल यात्री का प्राथमिक उपचार कराया गया। जिसके बाद उसे भोपाल रवाना किया गया इस घटनाक्रम के चलते जीटी एक्सप्रेस घोड़ाडोंगरी में करीब 15 मिनट तक रुकी रही। यात्री दानिश बैग घोड़ाडोंगरी से भोपाल की यात्रा कर रहा था।



# मुझे कांग्रेस वालों ने 91 बार गालियां दीं: मोदी

## कहा– ये इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में करते तो खराब हालत नहीं होती

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होंगे। वोटिंग से 11 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दो दिन के दौरे पर शनिवार को बीदर पहुंचे। उन्होंने तीन सभाएं कीं। सबसे पहले सुबह 11 बजे हुमनाबाद में जनसभा को 36 मिनट संबोधित किया। दूसरी- दोपहर सवा एक बजे विजयपुरा में। यहां वे 27 मिनट बोले। मोदी पौने 3 बजे बेलागावी के कुडाची में 38 मिनट बोले।

बीदर में प्रधानमंत्री ने कहा- मुझे कांग्रेस के लोगों ने 91 बार गालियां दीं। गालियों के शब्दकोष में टाइम खराब करने के बजाय अगर कांग्रेस ने इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में की होती तो इनकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 अप्रैल को कलबुर्गी में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री को जहरीले सांप की तरह बताया था। मोदी का इशारा खड़गे पर था। खड़गे ने कहा था- आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन अगर उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने माफी मांग ली थी। प्रधानमंत्री ने 2014 का वाकया याद करते हुए कहा- ये मेरा सौभाग्य है कि इस विधानसभा चुनाव में मेरी शुरुआत



बीदर से हो रही है। बीदर का आशीर्वाद मुझे तब भी मिला था जब मैं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बना था। आज इतनी बड़ी संख्या में यहां आ कर आपने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि- इस बार, भाजपा सरकार। यह चुनाव कर्नाटक को देश में नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है।

### कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार जरूरी

मोदी ने कहा- कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए यहां डबल इंजन सरकार का होना बेहद जरूरी है। कांग्रेस की सरकार में हर साल 30 हजार करोड़ रुपए के आसपास विदेशी निवेश कर्नाटक में आता था, जबकि भाजपा की सरकार में अब हर साल करीब 90 हजार करोड़ रुपए का विदेशी निवेश कर्नाटक में आ रहा है।

### मोदी किसान सम्मान निधि के लिए विपक्षी नाम तक नहीं भेजते थे

मोदी ने कहा- जब हमने मोदी किसान सम्मान निधि शुरू की थी तब कर्नाटक में कांग्रेस-जेडीएस की सरकार थी। इनको किसानों से कितनी नफरत है देखिए कि ये लाभार्थी किसानों की सूची केंद्र सरकार को भेजने में रुकावटें पैदा करते थे। उनको तकलीफ यह थी इसमें बीच में कोई कटकी नहीं थी, पैसा सीधे किसानों के खाते में जा रहा था। कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा ऐसी सिंचाई योजनाएं थी जो दशकों से लटकी हुई थीं। बीते 9 वर्षों में दशकों से अधूरी पड़ी 60 से ज्यादा सिंचाई योजनाओं को हम पूरा कर चुके हैं।

# जम्मू-कश्मीर में सेना की एंबुलेंस खाई में गिरी

**2 जवानों की मौत, 2 घायल हुए, एलओसी के पास हुआ हादसा**



**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना की एंबुलेंस सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में दो जवानों की मौत हो गई। वहीं 2 जवान घायल हो गए। जानकारी मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और जवानों के शव और घायलों को बाहर निकाला। दोनों घायलों को सेना के अस्पताल राजौरी रेफर किया गया है। उनकी हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। यह हादसा लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलओसी) के पास केरी सेक्टर में हुआ। हादसें में मरने वाले जवानों की पहचान बिहार के हवलदार सुधीर कुमार और राजौरी के परमवीर शर्मा के रूप में हुई है।

### नवंबर में माछिल में हुआ था हादसा

पिछले साल नवंबर में भी कुपवाड़ा के माछिल इलाके में 3 जवान हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे।2 जवानों को बर्फ के नीचे से सुरक्षित निकाला गया था।जब हादसा हुआ तब 56 राष्ट्रीय रायफल्स के पांच जवान रूटीन गशत पर थे।हादसे की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन जब तक जवानों को निकाला गया, तब तक 3 की मौत हो चुकी थी। पिछले साल दिसंबर में सिक्किम के जेमा में आर्मी का ट्रक खाई में गिर गया था।इसमें 16 जवानों की मौत हो गई।

# आंध्रप्रदेश में 48 घंटे में 10 छात्रों ने सुसाइड किया



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में पिछले 48 घंटे में 10 स्टूडेंट्स ने सुसाइड कर अपनी जान दे दी। दो अन्य स्टूडेंट्स ने भी आत्महत्या की कोशिश की, हालांकि वे बच गए। आंध्र प्रदेश बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट ने बुधवार को 11वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी किए थे। एग्जाम में कम नंबर आने और पेपर में फेल होने की वजह से इन स्टूडेंट्स ने आत्महत्या की है। आंध्र प्रदेश बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट के मुताबिक, इस बार परीक्षा में 10 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। 11वीं में 61 प्रतिशत और 12वीं में 72त्न स्टूडेंट्स पास हुए। इनके अलावा तीन और स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया है। उनकी डिटेल सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो अन्य छात्रों ने भी सुसाइड की कोशिश की, हालांकि वे बच गए। स्टूडेंट्स के सुसाइड की बढ़ती घटनाओं को लेकर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपना दर्द साझा किया है। CJI बोले, हाल ही में मैंने दलित छात्र के सुसाइड की खबर पढ़ी थी। इस हादसे से मुझे ओडिशा में पिछले साल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आदिवासी स्टूडेंट की सुसाइड की खबर याद आ गई।

### भ्रष्टाचार में लिप्त चकबंदी विभाग, चकबंदी राजस्व अधिकारी अवैद्य बसूली में लिप्त

**ललितपुर।** बानपुर ललितपुर ग्राम मोगान राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बहुत बड़ी लापरवाही ग्रामीण है परेशान चकबंदी के नाम पर की जा रही वसूली लेखपाल की मनमानी से एवं अभेरता वाले व्यवहार कहे या दबंगई पैसे लेकर अपने चहेतों को उनकी चहेती जगह पर बना दिए गए चक्र और गरीब लोगों से भी पैसे की मांग की गई गरीब लोगों ने पैसे नहीं दे पाए तो उनको बंजर जमीन में एवं इधर–उधर बना दिए गए चक्र मूल नंबरों में से उठाकर इधर–उधर उवर खाबड़ जमीन में बनाए गए गरीब ग्रामीणों के चक्र गरीब किसानों का हाल बेहाल ग्रामीण लगा रहे लाखों रुपए वसूले जाने के आरोप पैसे लेकर बड़े काश्तकारों के उनकी चहेती जगह पर बना दिए गए हैं चक्र।

# भंवर में भाजपा प्रत्याशी नहीं चल रहा मतदाता पर जादू

**ललितपुर।** नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु 11 प्रत्याशी मैदान में है वही सभी प्रत्याशी विकास के बातों को लेकर आम पब्लिक के बीच वोटरों का विश्वास जीतने के लिए आम जनमानस के बीच जाकर और अपनी-अपनी पार्टी का चुनाव चिन्ह दिखाकर वोट करने की गुहार लगा रहे हैं वही देखा जाए तो भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी सरला जैन अपने नगर पालिका क्षेत्र में वोटरों को रिझाने में और खोखले वादों को करते हुए नजर आ रही हैं वही जनता में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ रूस का माहौल है वही वोटरों की माने तो उनका कहना है कि पिछली पंचवर्षी में भारतीय जनता पार्टी को जिता कर हमने बहुत बड़ी गलती की है जिससे कि 5 वर्ष का विकास कहीं दिखाई नहीं दिया साथ ही जातिगत समीकरण वोटरों की राजनीति पर हावी होते हैं।

ललितपुर का वोटर अपने वोट को सुलझे हुए एवं जमीनी प्रत्याशी को नगरपालिका की सीट दिलाने का मन



बना कर बैठा है वही जातिगत समीकरण अपनी अलग कहानी लिखने को तैयार है सूत्रों की माने तो सत्ताधारी प्रत्याशी के विरोध में वोटर अपना मतदान करने का पूर्ण मन बना कर बैठा है साथ ही कार्यकर्ताओं का आवाज और आपसी खुन्नस की वजह से नगरपालिका की सीट से काफी दूर नजर आती दिख रही है सत्ताधारी प्रत्याशी वोटर अपने सभी सवालों का जवाब 4 मई को देने के लिए तैयार है।

# जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों का बु.वि.सेना ने किया समर्थन

## धरने पर बैठे पहलवानों ने देश का मान बढ़ाया, सरकार से संज्ञान लेने की अपील



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जंतर मंतर दिल्ली में धरने पर बैठे महिला पहलवानों की मांगों को उचित ठहराते हुए सरकार से शीघ्र अतिशीघ्र ध्यान देने की मांग की गई। सेना प्रमुख ने कहा कि ओलम्पिक समेत कई अन्तर्राष्टीय स्पर्धाओं में देश का मान बढ़ाने वाले महिला पहलवानों से भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष द्वारा किए गये सेक्सुअल दुर्व्यवहार की बु.वि.सेना कड़े शब्दों में निन्दा करती है। सेना प्रमुख ने मांग की केन्द्रीय सरकार अपने माफिया और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स नीति को अपनाते हुए शीघ्र ही इस मामले की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों को सजा दिलाये। बैठक में सुधेश नायक, राजकुमार कुशवाहा, मुन्ना त्यागी, कदीर खान, हरीशंकर कुशवाहा, गौरव विश्वकर्मा, नन्दराम कुशवाहा, गफूर खान, लोकेश रैकवार, प्रतीक सेन, रविकुमार, विशाल राठौर, मुकेश, महेन्द्र, भईयन कुशवाहा, अमन, कामता भट्ट, विनोद साहू, रवि झा, रोहित कुमार, टिक्कु सोनी, प्रदीप साहू, पुष्पेन्द्र शर्मा, पुष्पेन्द्रसिंह बुन्देला आदि उपस्थित रहे।

# अभेद्य सुरक्षा के बीच होगा नगर पंचायत का मतदान

**तालबेहट (ललितपुर)।** नगर पंचायत तालबेहट में प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष पद के लिए चार मई को मतदान प्रक्रिया अपनायी जानी है। मतदान केन्द्रों से लेकर मतदाताओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा का एहसास कायम रहे, इसी उद्देश्य से शनिवार को क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स) ने नगर की सडकों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि बिना प्रलोभन निष्पक्ष मतदान करें। गौरतलब रहे कि निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशासन व पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी संजीदा है। जिलाधिकारी आलोक सिंह ने बीते रोज ही तालबेहट नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुये अधीनस्थों को निर्देशित किया था। अब पुलिस भी मतदाताओं से मतदान निष्पक्ष और निडरता से करने के लिए प्रेरित कर रही है। सीआरपीएफ की विशेष टुकड़ी को पैदल मार्च करते हुये देखकर लोगों में कोतूहल का विषय बना रहा, तो वहीं लोगों ने भारी पुलिस बल को अपने समक्ष देख सुरक्षित महसूस किया।


# ब्रिटिश के राजकुमार से सोनम कपूर करेंगी मुलाकात, किंग चार्ल्स के कॉन्सर्ट में होंगी शामिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी फिल्मों को लेकर तो कभी किसी अन्य कारण से एक्ट्रेस सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस एप्पल सीईओ टिम कूक के साथ वीडियो शेयर किए जाने को लेकर सुर्खियों में थीं। एक बार फिर सोनम कपूर चर्चा में हैं, लेकिन इसकी वजह बिलकुल अलग और खास है। बी टाउन की यह डीवा किंग चार्ल्स के कोरोनेशन कॉन्सर्ट में स्पीच देंगी। ऐसा करने वालीं वह एकमात्र भारतीय बन गई हैं। सोनम कपूर अपने पति आनंद आहूजा और बेटे वायु के साथ लंदन में रहती हैं। वह समय-समय पर इंडिया आती रहती हैं। हाल ही में किंग चार्ल्स के कोरोनेशन कॉन्सर्ट में स्पीच देने को लेकर उनका नाम सामने आया। सोनम कपूर, केटी पेरी, टॉम क्रूज और लियोनेल रिची जैसे इंटरनेशनल आइकन के साथ स्टेज शेयर करेंगी। इस साल मई को किंग चार्ल्स III का कोरोनेशन कॉन्सर्ट आयोजित किया जाएगा। इसमें तमाम इंटरनेशनल सितारों को न्योता भेजा गया है, जिसमें सोनम कपूर का नाम भी शामिल है। इस कॉन्सर्ट में इन्वाइट किए गए अतिथियों के साथ ही दुनियाभर के लाखों लोग शामिल होंगे। कोरोनेशन छह मई को और कॉन्सर्ट सात मई को आयोजित किया जाएगा।



# बॉलीवुड बॉयकॉट में विश्वास नहीं रखते अभय


अभय देओल बॉलीवुड के जाने माने कलाकार हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में तमाम फिल्में की हैं। साथ ही उन्होंने अपने बेहतरीन अभिनय से इंडस्ट्री में जगह बनाई है। वहीं, सोशल मीडिया के इस जमाने में कई अभिनेताओं को बॉयकॉट बॉलीवुड का विरोध झेलना पड़ रहा है। साथ ही लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपने एजेंडा को पूरा करने में लगे रहते हैं। बॉयकॉट बॉलीवुड को लेकर हाल ही में एक्टर अभय देओल ने अपने विचार साझा किए हैं।



दरअसल, हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बात करते हुए अभय देओल ने कहा कि सोशल मीडिया ने सूचनाओं को तेजी से प्रवाहित होने दिया है, लेकिन गलत सूचनाएं भी तेजी से फ्लो कर रही हैं। सभी के पास इसकी पावर है। उन्होंने आगे कहा कि जिसके पास समझ है और एजेंडा वाले आज भी उतने ही शक्तिशाली हैं, तो यह एक मिक्स्ड बैग है। दुनिया की तरह तेजी से नहीं बदलने के लिए फिल्म उद्योग को बुलाने वाले लोग होंगे। ऐसे लोग भी हैं, जिनके पास एक एजेंडा है, जो सिर्फ चीजों का बहिष्कार और प्रतिबंध लगाना चाहते हैं, क्योंकि यह उनके व्यक्तिगत एजेंडे को पूरा करता है। मैं कैंसल कल्चर और बैन में विश्वास नहीं करता हूं। अभय हाल ही में वेब सीरीज ट्रायल बाय फायर में नजर आए थे। उन्होंने इस पर बात करते हुए कहा कि मेरे लिए मानवीय स्थिति और लोग काले और सफेद नहीं है। हालांकि मैं उन लोगों का समर्थन करता हूं, जो वास्तविक बदलाव चाहते हैं। ऐसे लोग हैं जो वैध रूप से बॉलीवुड फिल्में नहीं देखते, क्योंकि वे इससे संबंधित नहीं हो सकते हैं। एक वैश्विक सिनेमाई भाषा है, जिसका हम हिस्सा नहीं रहे हैं, क्योंकि हम अपने बुलबुले को पूरा कर रहे हैं। वे लोग बदलाव के लिए पूछने के अधिकार में हैं। एजेंडा वाले सिर्फ परिस्थितियों का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री का बहिष्कार नहीं करना चाहिए। अभय ने कहा कि कुछ लोग अपनी नफरत को दिखाने के लिए फिल्म को देखने जाते हैं, इसलिए वह टिकट खरीदते हैं और यह सच है।

# पंजाबी फिल्में करना चाहती हैं शहनाज

**एक्ट्रेस** और सिंगर शहनाज गिल इन दिनों फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर बेहद सुर्खियों में हैं। इस बीच मीडिया को दिए इंटरव्यू में शहनाज ने बताया कि वो पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काम जारी रखना चाहती हैं। बीते दिनों फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' के प्रमोशन के दौरान शहनाज ने यह खुलासा किया था पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें साइडलाइन कर दिया गया था। शहनाज ने कहा था- 'मुझे पूरी तरह से साइड कर दिया था। मेकर्स ने फिल्म के प्रीमियर पर मेरे अलावा टीम के सभी को बुलाया था। मैं इस बात को सुनकर बहुत रोई थी।'



शहनाज ने बताया कि भले ही इंडस्ट्री ने उन्हें साइड लाइन कर दिया होगा। लेकिन अगर उन्हें काम करने का मौका मिला, तो वो जरूर पंजाबी फिल्मों में काम करना चाहेंगी। शहनाज ने कहा- 'जरूर काम करना चाहूंगी। मैं उन लोगों में से नहीं हूं। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी एक अच्छी स्क्रिप्ट है।' फिल्मों के अलावा शहनाज ने म्यूजिक इंडस्ट्री में भी नाम कमाया है। शहनाज मानती हैं कि म्यूजिक से उन्हें प्यार है, लेकिन वो अभी प्रोफेशनल सिंगर नहीं बनना चाहती हैं। उनका फोकस अभी एक्टिंग पर है। शहनाज ने कहा- म्यूजिक मेरे लिए एक शौक की तरह है। मैं प्रोफेशनल तौर पर नहीं गाती है। मुझे पता है कि अगर मैं मेहनत करूंगी तो एक प्रोफेशनल सिंगर भी बन सकती हूं। लेकिन अभी मैं एक्टिंग करना चाहती हूं।

> मेरे पास आज जो कुछ है शायद वो मेरे फैंस और मेरे लिए उनके प्यार के कारण है। ये कहकर मुझे लगता है कि मैं अभी तक अपनी आंखों में एक ब्रांड नहीं हूं। मैं अभी अपने कैरियर में काम करना जारी रखना चाहती हूं और लाइफ टाइम अच्छे-अच्छे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहना चाहती हूं।

# फैंस के बीच फंसी मलाइका

**मलाइका** अरोड़ा इन दिनों दुबई में हैं। हाल ही में उन्होंने वहां एक इवेंट में शिरकत की। इवेंट के बाद उन्होंने फैंस से बातचीत भी की, तभी लोगों ने उन्हें सेल्फी लेने के लिए घेर लिया। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में मलाइका फैंस के बीच घिरी हुई नजर आ रही हैं। इसी दौरान कुछ महिलाएं उनके साथ सेल्फी ले रही थीं। आस-पास और भीड़ इक्कठा होने लगी। बॉडीगार्ड्स ने उन्हें चारों तरफ से घेरा हुआ है। इस दौरान वह काफी अनकम्फर्टेबल दिख रही हैं। वीडियो में मलाइका परेशान होते हुए फैंस से कहती हैं, 'आराम से,आराम से'। इसी बीच कुछ लोग सेल्फी के लिए एक- दूसरे के साथ धक्का- मुक्की करने लगे। तभी मलाइका ने कहा, 'प्लीज लेडीज उन्हें धक्का मत मारो'।



मलाइका अरोड़ा को हाल ही में उनके ओटीटी डेब्यू रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका में देखा गया था। इस शो को फैंस ने काफी पसंद भी किया था। इसके अलावा वह गुरु रंधावा के हालिया रिलीज सॉन्ग 'तेरा की ख्याल' में नजर आई थीं। उनकी पर्सनल लाइफ की बात करे तो उन्होंने अरबाज खान से शादी की थी फिर 2017 में दोनों का तलाक हो गया। अब वह 2019 से बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में हैं।


# नेपोटिज्म के कारण इंडस्ट्री में आगे नहीं जा सकते : आलिया

**बॉलीवुड** अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि नेपोटिज्म (भाईभतीजावाद) के कारण आपको इंडस्ट्री में शुरूआत मिल सकती है लेकिन आप आगे नहीं जा सकते हैं। आलिया भट्ट ने नेपोटिज्म पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आलिया ने स्वीकार किया कि नेपोटिज्म के कारण उन्हें आसान शुरुआत मिल गई थी। आलिया ने यह कहा केवल नेपोटिज्म के दम पर ही आप इतनी दूर तक नहीं आ सकते हैं क्योंकि आखिर में दर्शक की पसंद ही मायने रखती है। आलिया भट्ट ने कहा, केवल एक काम जो मैं कर सकती थी कि वो था कि मैं अपने काम को बेहतर करूं, जिससे यह साबित हो जाए कि मैं इस इंडस्ट्री के लिए ही बनीं हूं।हां, इससे मुझे आसान शुरुआत तो मिल गई लेकिन फिर यह आपके हाथ में है कि आप कैसे काम करते हैं। वास्तव में ऑडियंस ही टैलेंट की सबसे अच्छी जज होती है।



# 'किक 2' से डेब्यू करने जा रहे हैं आसिम ?

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर सुर्खियों में हैं। भाईजान की ये फिल्म ईद के मौके पर सभी सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई कर रही है। सलमान की इस फिल्म से कई कलाकारों ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। वहीं, हाल ही में एक और एक्टर को लेकर दावा किया जा रहा था कि सलमान खान की आने वाली फिल्म 'किक 2' से डेब्यू करने जा रहे हैं। ये कोई और नहीं, बल्कि 'बिग बॉस' फेम आसिम रियाज है। वहीं, अब निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने ट्वीट कर आसिम के फिल्म में काम करने को लेकर पूरी सच्चाई बताई है।



आसिम रियाज के फिल्म 'किक 2' से बॉलीवुड डेब्यू को लेकर निर्माता साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन हाउस, नाडियाडवाला ग्रैंडसन की तरफ से ट्विटर पर इस पूरे मामले की सच्चाई बताई गई है। सोशल मीडिया पर आलिम को लेकर चल रही खबरों का खंडन भी किया है। इस ट्वीट में लिखा था, 'हम 'किक 2' के लिए अपनी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं और यह खबर सच नहीं है ! हम सभी मीडिया हाउस से अनुरोध करते हैं कि कृपया किसी भी तरह की खबर छापने से पहले हमारे साथ उनको स्पष्ट कर लें।' इस खबर से ये बात साफ हो गई है कि आसिम सलमान खान की आगामी फिल्म 'किक 2' का हिस्सा नहीं हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email-editor@rokthoklekhaninews.com